**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**26.03.2025/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे**

**विधानसभा**

शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के तेरहवेंदिन आज सदन में बजट पारित किया जाएगा। सदन मेंप्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जायेंगे। **शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में वर्तमान में गैर शिक्षक कर्मचारियों के सात हज़ार 4सौ पचासी पद खाली है। विधानसभा में विधायक जनक राज के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि इन पदों को विभागीय पदोन्नति व विद्यालयों के विलय,एकीकरण और पदों के युक्तिकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने पर भर दिया जायेगा। रोहित ठाकुर ने ये जानकारी भी दी कि प्रदेश में 16 उच्च विद्यालय ऐसे भी है जिनमे हिंदी शिक्षकों का कोई भी पद सृजित नहीं है ।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था, चिट्टा माफिया और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी कल 27 मार्च को शिमला के चौड़ा मैदान में विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पार्टी कार्यकर्ता व अन्य लोग इस दौरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

**परमार**

भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा है कि प्रदेश में सड़कों की हालत दयनीय है, मगर इसके बावजूद प्रदेश सरकार ने लोक निर्माण के बजट में कटौती की है। विधानसभा में उन्होंने कहा कि सरकार के पास लोक निर्माण से जुडी मशीनरियों को खरीदने के लिए पैसे नहीं है। परमार ने कहा कि प्रदेश में केवल एन एच ए आई द्वारा ही सड़को का जाल बिछाया जा रहा है।

**दवा गुणवत्ता**

प्रदेश सरकार राज्य में उत्पादित की जा रही दवाओं की गुणवत्ता को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य दवा नियंत्रक डॉ. मनीष कपूर ने कहा कियह सुनिश्चित किया जा रहा है कि राज्य की दवाएं अपनी गुणवत्ता और सुरक्षित उपयोग के लिए जानी जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कम गुणवत्ता औरखराब दवा बनाने वाले निर्माताओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में व्यापक जांच के उपरांत यह पाया गया है कि अन्य राज्यों में निर्मित खराब गुणवत्ता वाली दवाओं के उत्पादन स्थल के रूप में हिमाचल प्रदेश का नाम लिया जा रहा है। वास्तविकता यह है कि यह दवाएं अन्य राज्यों में निर्मित की गई हैं और यह हिमाचल प्रदेश की विश्व के दवा हब के रूप स्थापित छवि को धूमिल करने काप्रयास है।

**दुर्घटना**

शिमला में शोघी–आनंदपुर मैहली सड़क पर शील गांव के समीपबीती रात एक सड़क दुर्घटना में माँबेटीसहितचार लोगो की मौत्त हो गयी। मरने वालो में दो बच्चे भी शामिल हैं, हादसा उस समय हुआ जब कार सवार शोघी से मेहली आ रहे थे और गाड़ी अनियत्रित होकर सड़क से लगभग सौ फुट गहरीखाईमें जा गिरी।पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गाँधी ने बताया कि पुलिस हादसे के कारणोंकी जाँच कर रही है ।

**कार्यशाला**

केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा शिमला में दो दिवसीय बौद्धिक संपदा अधिकारों पर राष्ट्रीय आईपी यात्रा प्रोग्राम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में लोगों को उनके उत्पादों के पैटेंटस और आई पी ट्रेड मार्क को लेकर कानूनी विशेषज्ञ द्वारा जागरूक किया जा रहा है।

**परिणाम**

प्रदेश राज्य चयन आयोगने क्लर्क के 82 पदों के लिए पोस्ट कोड–962 के तहत ली गई परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग केसचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि क्लर्क पोस्ट कोड–962 के लिए चयनित कुल 81 उम्मीदवारों की सूची अंकों सहित आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अदालत में लंबित केस व इसकी जांच के चलते एक पद को फिलहाल खाली रखा गया है। उन्होंनेबताया कि चयनित उम्मीदवारों की नियुक्तियां भी अदालत के फैसले व जांच के परिणाम पर निर्भर करेगी।

———————————————